कक्षा - पहली  विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला

टीचर - सुमन शर्मा  उपविषय - औ ( ौ ) की मात्रा

सुप्रभात बच्चो !

यह पाठ कक्षा पहली, विषय - हिन्दी, पाठ्य पुस्तक "कनक हिन्दी पाठमाला", पाठ नं॰ 11 पेज नं॰ 49 'औ की मात्रा (ौ)' से लिया गया है। इस कार्य का लिखित सार आपको 20 जनवरी, 2025 को भेज दिया जाएगा। यह आवाज़ आपकी हिन्दी टीचर 'सुमन शर्मा' की है। बच्चो, आज हम 'औ (ौ) की मात्रा' को कैसे पढ़ते व लिखते हैं - सीखेंगे। सभी बच्चे मेरी बात को ध्यान से सुनेंगे व समझने का प्रयास करेंगे। आइए, सबसे पहले 'औ (ौ) की मात्रा' का उच्चारण करना सीखेंगे। आप सब मेरे पीछे-पीछे इसका उच्चारण करेंगे। **औ, औ, औ, औ**

बच्चो ! अब मैं आपको इसके चिह्न यानि कि (Symbol) से अवगत करवाती हूँ। ये है - 'औ की मात्रा का चिह्न' -

**औ - ौ**

आइए अब व्यंजनों के साथ मात्रा जोड़कर पढ़ने का अभ्यास करते हैं -

कक्षा - पहली विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला टीचर - सुमन शर्मा

उपविषय - औ (ौ) की मात्रा

क + ौ = कौ
ग + ौ = गौ
च + ौ = चौ
प + ौ = पौ
फ + ौ = फौ
द + ौ = दौ
म + ौ = मौ

स + ौ = सौ
न + ौ = नौ
ल + ौ = लौ
श + ौ = शौ

बच्चो, आप भी इसी तरह औ (ौ) की मात्रा को व्यंजनों के साथ जोड़कर पढ़ने का अभ्यास करेंगे। आइए अब कुछ और शब्द पढ़कर 'औ (ौ) की मात्रा' की ध्वनि को समझते हैं।

कौ + न = कौन
गौ + री = गौरी
चौ + का = चौका
पौ + धा = पौधा

कक्षा - पहली  विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला  टीचर - सुमन शर्मा

उपविषय - औ ( ौ ) की मात्रा

फौ + जी = फौजी  नौ + का = नौका

दौ + ड़ = दौड़  लौ + ट = लौट

मौ + सी = मौसी  शौ + क = शौक

सौ + र = सौर

बच्चो, अब आप वीडियो को पाँच मिनट के लिए रोककर इन ऊपर लिखे शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करें। आइए अब आपकी पुस्तक कनक हिन्दी पाठमाला में पेज़ नं० 50 पर लिखे 'औ ( ौ ) की मात्रा' के शब्द पढ़ते हैं। आप सब मेरे पीछे-पीछे इन शब्दों को दोहराएँगे।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मौका | पकौड़ी | गौना | गौरव | तौलिया | फौरन |
| चौका | कचौड़ी | सलौना | सौरभ | रौनक | मौसम |
| नौका | हथौड़ी | बिछौना | कौशल | शौकीन | चौकीदार |
| पौधा | दौड़ी | खिलौना | दौलत | नौकर | सौदागर |

कक्षा - पहली | विषय - हिन्दी
पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला | टीचर - सुमन शर्मा

उपविषय - **औ (ौ) की मात्रा**

**पढ़िए-**

मौसी ने पकौड़ी बनाई।
चौके में कचौड़ी पड़ी है।
हम नौका दौड़ देखने गए थे।
नौकर चौदह पकौड़े लेकर आया।

बच्चो, अब आपको 'औ (ौ) की मात्रा' तथा उसकी ध्वनि अच्छे से समझ आ गई होगी। अब आप घर पर अपनी मम्मी के साथ बैठकर 'औ (ौ) की मात्रा' का अभ्यास करेंगे। अभ्यास पुस्तिका 'पढ़ो व लिखो स्वर' में ओ (ो) तथा औ (ौ) की मात्रा के शब्दों को लिखने का अभ्यास करेंगे।

कक्षा - पहली                                    विषय - हिन्दी

पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला                        टीचर - सुमन शर्मा

उपविषय - **औ (ौ) की मात्रा**

* निम्नलिखित चित्रों को देखकर उनका नाम लिखो -:

**(गृहकार्य)** (नोट बुक में लिखें)

1.  ______


2.  ______


3.  ______

4.  ______


5.  ______

6.  ______

7.  ______

8.  ______

9.  ______

10.  ______